## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# लविवि : बीबीए में अधिक सीटों पर मिलेगा दाखिला

### विवि ने विशेषज्ञता वाले कोर्स किए समाप्त, कोर बीबीए में समायोजित हुईं सीटें

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) के अंतर्गत आगामी सत्र में छात्र-छात्राओं के पास बीबीए में अधिक सीटों पर दाखिला पाने का अवसर होगा। विवि प्रशासन ने स्नातक स्तर पर बीबीए में चलाए जा रहे विशेषज्ञता वाले पाठ्यक्रमों को समाप्त कर दिया है और इनकी सीटें कोर (साधारण) बीबीए कोर्स में समायोजित कर दी हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के पास अब पाठ्यक्रम की 300 सीटों पर प्रवेश लेने का मौका होगा। अभी तक इसमें 180 सीटें ही थीं।

लविवि का आईएमएस संस्थान अभी तक बीबीए कोर्स के अंतर्गत भी छात्रों को विशेषज्ञता हासिल करने का मौका देता था। इसके तहत यहां पर बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस और बीबीए मैनेजमेंट साइंसेज व बीबीए टूरिज्म कोर्स संचालित होते थे। इन सभी में 60-60 सीटें थीं, मगर आगामी सत्र में इसमें दाखिले नहीं होंगे।

विवि में परास्नातक स्तर पर एमबीए में कई विकल्पों के उपलब्ध होने कारण बीबीए के इन कोर्सों में छात्रों की रुचि कम देखी जा रही थी, जबकि साधारण बीबीए में अधिक मारामारी रहती है। इस कारण बीबीए के विशेषज्ञता वाले कोर्सों का समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

**300 सीटों पर मिलेगा प्रवेश का मौका, अभी तक थीं 180**



### एमबीए में ये हैं विशेषज्ञता वाले कोर्स

- विश्वविद्यालय एमबीए में विशेषज्ञता के जो कोर्स संचालित करता है, उसमें वाणिज्य विभाग के अंतर्गत एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, लुंबा के अंतर्गत कोर एमबीए व एमबीए एग्जीक्यूटिव, एमबीए मानव संसाधन और एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स शामिल हैं।

- **पार्ट टाइम पीएचडी में प्रवेश के लिए तीन विषयों के परिणाम जारी :** लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पार्ट टाइम पीएचडी के लिए तीन विषयों की प्रवेश परीक्षा का फाइनल परिणाम जारी कर दिया है। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने पत्र जारी कर बताया कि सीटों के सापेक्ष चयनित हुए अभ्यर्थी 28 जनवरी तक लॉगिन आईडी के माध्यम से फीस जमा कर सकते हैं। जिन विषयों के परिणाम जारी हुए हैं, उनमें अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र व पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शामिल हैं। (संवाद)

### फैकल्टी बोर्ड ने एक वर्षीय पाठ्यक्रम पर लगाई मुहर

लखनऊ। लविवि के कला संकाय में मंगलवार को फैकल्टी बोर्ड की बैठक हुई। इसमें कला संकाय के विभागों में आगामी सत्र में शुरू होने वाले एक वर्षीय परास्नातक कोर्स व नई शिक्षा नीति के तहत विभागों के कोर्स में किए गए बदलावों को अनुमोदन दिया गया। विभागीय शोध समिति के प्रस्तावों को मंजूरी भी दी गई। बैठक प्रो. अरविंद मोहन, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 7

### फैकल्टी बोर्ड में एक वर्षीय पाठ्यक्रम पर मुहर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय में मंगलवार को फैकल्टी बोर्ड की बैठक हुई। इसमें कला संकाय के विभागों में आगामी सत्र में शुरू होने वाले एक वर्षीय परास्नातक कोर्स व नई शिक्षा नीति के तहत विभागों में कोर्स किए बदलावों को अनुमोदन दिया गया। इसके साथ ही बैठक में विभागीय शोध समिति के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। संकायाध्यक्ष प्रो. अरविंद मोहन, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव व संकाय के सभी विभागों के शिक्षक मौजूद रहे।

### एलयू: बीबीए में खत्म कीजाएगीविशेषज्ञता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के तहत आगामी सत्र में छात्रों के पास बीबीए की अधिक सीटों पर दाखिला पाने का अवसर होगा। विवि प्रशासन ने स्नातक स्तर पर संचालित बीबीए में चलाए जा रहे विशेषज्ञता वाले पाठ्यक्रमों को समाप्त कर दिया है। सीटों को कोर बीबीए में समायोजित कर दिया है। ऐसे में विद्यार्थियों के पास कोर्स की 300 सीटों पर प्रवेश लेने का मौका होगा। अभी तक180 सीटें ही थीं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी।

## i-NEXT PAGE 4

# क्विज और जैमिंग में दिखा टैलेंट

### जैमिंग कॉम्पिटीशन में भी स्टूडेंट्स ने किया पार्टिसिपेट

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (25 Jan) : लखनऊ यूनिवर्सिटी में इंटर हॉस्टल फेस्ट कॉम्पिटीशन के तहत अलग-अलग कॉम्पिटीशन का आयोजन किया जा रहा है. फेस्ट के सातवें दिन स्पोर्ट्स इवेंट के तहत गर्ल्स और बॉयज के लिए ट्रैक इवेंट और रिले रेस जैसे कॉम्पिटीशंस करवाए गए. इसके साथ ही लिटरेरी इवेंट्स के तहत क्विज और जैमिंग कॉम्पिटीशन का आयोजन भी किया गया. स्टूडेंट्स ने इन कॉम्पिटीशंस में पूरे जोश के साथ पार्टिसिपेट किया.

### नजर आई गर्ल पावर

कैंपस के परांजपे ग्राउंड में हुई बॉयज की 100 और 200 मीटर रेस में महमूदाबाद हॉस्टल फर्स्ट रहा. गर्ल्स की 100 मीटर रेस में चंद्रशेखर हॉस्टल फर्स्ट, 200 मीटर में कैलाश हॉस्टल फर्स्ट और 400 मीटर में बीरबल साहनी हॉस्टल को फर्स्ट पोजीशन मिली. वहीं, गर्ल्स की रिले रेस में तिलक हॉस्टल फर्स्ट रहा. इसके साथ ही टग ऑफ वार में चंद्रशेखर हॉस्टल को फर्स्ट और तिलक हॉस्टल को सेकेंड पोजीशन मिली.



अपनी डांस परफॉर्मेंस से किया इम्प्रेस.

### सिंगल और ग्रुप डांस भी हुआ

जैमिंग कॉम्पिटीशन में सुभाष हॉस्टल फर्स्ट, महमूदाबाद हॉस्टल को सेकेंड और थर्ड पोजीशन मिली. वहीं, क्विज कॉम्पिटीशन में महमूदाबाद हॉस्टल ने फर्स्ट, सुभाष हॉस्टल ने सेकेंड और हबीबुल्लाह हॉस्टल ने थर्ड पोजीशन हासिल की. कैलाश हॉस्टल में गर्ल्स का सिंगल एवं ग्रुप डांस और स्किट कॉम्पिटीशन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगीता राय उपस्थित रही. इसके साथ ही वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने कैलाश हॉस्टल पहुंचकर स्टूडेंट्स का मनोबल बढ़ाते हुए संबोधित किया. इस मौके पर प्रो. वीसी मनुका खन्ना, संस्कृतिकी डायरेक्टर प्रो. अंचल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे.

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि में नए पाठ्यक्रम और शोध शीर्षक को मिली मंजूरी

जागरण संवाददाता • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय बोर्ड की बैठक में मंगलवार को दर्शनशास्त्र, अरबी, अंग्रेजी, आधुनिक यूरोपीय भाषाएं, भूगोल, लोक प्रशासन, जनसंचार, इतिहास, हिंदी, समाजकार्य, राजनीतिक विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, मनोविज्ञान, पर्शियन और मानवशास्त्र आदि विषय में शोध शीर्षक को मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही विभिन्न विषयों में शोध सुपरवाइजर के नाम पर भी संस्तुति की गई है। लोक प्रशासन विभाग के सभागार में हुई बैठक में पिछली बैठक की पुष्टि के साथ विभिन्न विभागों के शोध प्रस्तावों, पाठ्यक्रम संशोधनों और नए कोर्स की स्वीकृति पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में संशोधन को स्वीकृति दी गई। राजनीतिक विज्ञान विभाग में बीए (एनईपी) पांचवें, छठें, सातवें और आठवें सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों में संशोधन को मंजूरी दी गई। एमए (जनसंचार) के दो और एक वर्षीय कोर्स की नई रूपरेखा, भूगोल विभाग में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और एक वर्षीय पीजी प्रोग्राम को स्वीकृति दी गई है।

एमएचए का संशोधित पाठ्यक्रम पास : लोक प्रशासन विभाग के एमए (एनईपी) एक व दो वर्षीय कार्यक्रम और मास्टर आफ हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एमएचए) का संशोधित पाठ्यक्रम पास हो गया। अर्थशास्त्र विभाग के परास्नातक कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण पर भी सहमति बनी है। संस्कृत और प्राकृत विभाग के पीजी कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम संशोधन और ज्योतिर्विज्ञान विभाग में एक और दो वर्षीय ज्योतिष पाठ्यक्रम की नई संरचना को भी अनुमति दी गई।

### स्वयम मूक्स कोर्स को मंजूरी

बैठक में लोक प्रशासन और सांख्यिकी विभाग की ओर से प्रस्तावित स्वयम मूक्स पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी गई, जिससे विद्यार्थियों को आनलाइन शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। एमएसडब्ल्यू तीसरे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए वर्क एक्सपोजर विजिट को स्वीकृति और प्रति छात्र 3000 रुपये अतिरिक्त शुल्क तय किया गया। सामाजिक कार्य विभाग में दिवंगत प्रो. सुरेंद्र सिंह और प्रो. आरबीएस वर्मा की स्मृति में व्याख्यान श्रृंखला आयोजित करने का निर्णय हुआ। एमपीएच (एक व दो वर्षीय), एमपीएच पोषण विज्ञान (एक व दो वर्षीय) और पीएचडी कोर्स वर्क को मंजूरी मिली।

## AMRIT VICHAR PAGE 7

# खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लविवि छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय-इंटर हॉस्टल कम्पीटिशन फेस्ट- 2025 के सातवें दिन मुख्य परिसर में सांस्कृतिक, साहित्यिक व स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

परांजपे ग्राउण्ड में छात्रों के बीच आयोजित 100 मीटर व 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान महमूदाबाद हाल को प्राप्त हुआ। महिला श्रेणी में 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान चन्द्रशेखर गर्ल्स हास्टल को, 200 मीटर में कैलाश हास्टल को प्रथम स्थान जबकि 400 मीटर में बीरबल साहनी को प्रथम स्थान मिला। वही रिले रेस में प्रथम स्थान तिलक हास्टल को मिला। टग ऑफ वॉर में प्रथम स्थान चन्द्रशेखर आजाद गर्ल्स हाल को प्रथम स्थान और तिलक हास्टल को द्वितीय स्थान मिला। छात्रों के जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुभाष हाल को प्रथम स्थान तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान महमूदाबाद हाल को मिला। क्विज में प्रथम स्थान महमूदाबाद हॉल को, जबकि द्वितीय स्थान सुभाष हॉल को और तृतीय स्थान हबिबुल्लाह हॉल को मिला।

कैलाश छात्रावास में महिला छात्रावासों की एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं स्किट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि संगीता राय थीं। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कैलाश छात्रावास में आकर सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, सांस्कृतिकी निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव व सभी प्रोवोस्ट एवं असिस्टेंट प्रोवोस्ट कार्यक्रम में उपस्थित थे।



नृत्य प्रस्तुत करती लविवि की छात्राएं। अमृत विचार

- **विभिन्न छात्रावासों के बीच खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का रहा सातवां दिन**

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# तिलक हॉस्टल को मिला रिले रेस में प्रथम स्थान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय इंटर हॉस्टल कम्पीटिशन फेस्ट-2025 के सातवें दिन मंगलवार को विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में सांस्कृतिक साहित्यिक एवं स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के परांजपे ग्राउंड में छात्रों के बीच आयोजित 100 मीटर एवं 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान महमूदाबाद हाल को प्राप्त हुआ। महिला श्रेणी में 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान चन्द्रशेखर गर्ल्स हास्टल को, 200 मीटर में कैलाश हास्टल को प्रथम स्थान जबकि 400 मीटर में बीरबल साहनी को प्रथम स्थान मिला। वही रिले रेस में प्रथम स्थान तिलक हॉस्टल को मिला। टग ऑफ वॉर में प्रथम स्थान चंद्रशेखर आजाद गर्ल्स हाल को प्रथम स्थान और तिलक हास्टल को द्वितीय स्थान मिला। छात्रों के जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुभाष हाल को प्रथम स्थान तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान महमूदाबाद हाल को मिला। क्विज में प्रथम स्थान महमूदाबाद हाल को, जबकि द्वितीय स्थान सुभाष हाल को और तृतीय स्थान हबीबुल्लाह हॉल को मिला। कैलाश छात्रावास में महिला छात्रावासों की एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं स्किट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि संगीता राय थीं। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कैलाश छात्रावास में आकर सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

## TOI PAGE 2

# LU campus agog with sports, cultural events

Times News Network

**Lucknow:** The Inter-Hostel competition Fest 2025 at Lucknow University on Tuesday brought together students for sports, cultural, and literary events on the main campus.

At Paranjape ground, students competed in 100-metre and 200-metre races. Mahmudabad Hall secured the top position in both races for the men's category.

In the women's category, Chandrashekhar Girls' Hostel won the 100-metre race, Kailash Hostel won the 200-meter race, and Birbal Sahni Hostel won the 400-metre race. The relay race saw Tilak Hostel finish first. In Tug of War, Chandrashekhar Azad Girls' Hall finished first, while Tilak Hostel took second place. The Just-A-Minute (JAM) competition saw Subhash Hall take first place, while Mahmudabad Hall secured second and third places. In the quiz competition, Mahmudabad Hall took the top position, followed by Subhash Hall and Habibullah Hall. At Kailash Hostel, students participated in solo and group dance performances and a skit competition.

Vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai, pro VC Manuka Khanna, chief provost Anoop Kumar Singh, director of Sanskritiki Anchal Srivastava were present on the occasion.



Students perform at Inter-Hostel competition fest at LU on Tuesday